# खेल, उद्योग और ढांचागत विकास को नई ऊंचाई देंगे सीएम

अमर उजाला ब्यूरो

## आज आएंगे सीएम, सांसद खेल स्पर्धा के समापन समेत कई कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे

गोरखपुर। दो दिन के दौरे पर रविवार को गोरखपुर आ रहे सीएम योगी आदित्यनाथ खेल, उद्योग, सामाजिक सरोकार व ढांचागत सुविधाओं के विकास को नई ऊंचाई देंगे। गीडा में एक बड़े उद्योग का शुभारंभ करेंगे। सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ उपस्थित रहेंगे।

बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान की मेजबानी में आयोजित



सांसद खेल स्पर्धा का रविवार को जीडी इंटर कॉलेज कौड़ीराम में समापन होगा। इसमें खिलाड़ियों को सीएम का सानिध्य प्राप्त होगा। इसी दिन, मुख्यमंत्री गीडा के सेक्टर-23 में अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन करेंगे।

सोमवार को मुख्यमंत्री श्री चित्रगुप्त मंदिर सभा के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सोमवार को सीएम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ करीब 5700 करोड़ की लागत वाली चार फोरलेन सड़कों के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जंगल कौड़िया-सोनौली, जंगल कौड़िया-जगदीशपुर, रामजानकी मार्ग, महराजगंज-निचलौल-ठूठीबारी फोरलेन की आधारशिला रखी जाएगी।